अग्रवाल कॉलेज में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन

दिनांक 28 सितंबर, 2024 को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं आगामी 1 अक्टूबर, 2024 को परम पूजनीय श्री लाल रतन सिंह गुप्ता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले महा रक्तदान शिविर के संदर्भ में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया।अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सदप्रेरणा से विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एवं उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस शिविर का आयोजन किया जाता है। अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में यह शिविर लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जयपाल सिंह के संरक्षण में हीमोग्लोबिन जांच शिविर में न केवल विद्यार्थियों ने बल्कि कॉलेज के प्रवक्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लगभग 150 रजिस्ट्रेशन हुए और और यह सभी विद्यार्थी रक्तदान शिविर में भी सहभागिता दर्ज करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थियों का हीमोग्लोबिन स्तर कम पाया गया। इस अवसर पर वाईआरसी काउंसलर डॉ. डिंपल, सुभाष कैलोरिया व वॉलंटियर मौजूद रहे। सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।